Uturn Time 18 Feb 2026_Layout 2 17-02-2026 23:35 Page 1

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

बेचारा अब क्या करे, खानी पड़ती मार।
एक बार फिर से गया, बुरी तरह से हार।
बुरी तरह से हार, हुई भरपूर कुटाई।
बायकॉट था सही, किस लिए जान फंसाई।
कह साहिल कविराय, बचा ना कोई चारा।
खानी पड़ती मार, करे क्या अब बेचारा।



- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 37 | WEDNESDAY 18-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com







# एफएंडसीसी की बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों को मंजूरी

## विद्युतीकरण, सीवरेज और ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ करने पर फोकस



चंडीगढ़, यूटर्न, 17 फरवरी। नगर निगम चंडीगढ़ की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी की बैठक आज शहर के मेयर सौरभ जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस सहित पार्षद जसबीर सिंह बंटी, कंवरजीत राणा, योगेश ढींगरा, राजिंदर शर्मा और हरजीत सिंह समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में शहर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से जुड़े कई प्रस्तावों पर चर्चा के बाद मंजूरी दी गई।

### प्रमुख स्वीकृत कार्य

- सेक्टर-35 सी एवं डी की श्4 रोड से सटे इनर मार्केट में सजावटी एलईडी लाइटें और पोल लगाने के लिए 47.49 लाख रुपये स्वीकृत।
- सेक्टर-34 व 43 में स्ट्रीट लाइट और पार्क लाइट लगाने के लिए 23.92 लाख रुपये।
- सेक्टर-15 में मकान नंबर 2024 के पास पार्क में हाई मास्ट तथा सेक्टर-23 में स्ट्रीट लाइट पोल लगाने के लिए 15.21 लाख रुपये।
- सेक्टर-22 के विभिन्न बाजारों में पुरानी लाइटों को हटाकर हाई वॉटेज एलईडी डेकोरेटिव ग्लोब लाइट लगाने के लिए 32.85 लाख रुपये।

### सीवरेज और ड्रेनेज पर विशेष ध्यान

- बुरैल गांव में हाउस नंबर 271 से 472, 1091 से 1428 और 1826 से 1921 तक मौजूदा सीवरेज सिस्टम को मजबूत करने के लिए 34.64 लाख रुपये का प्रावधान।
- सेक्टर-15 ए, बी, सी व डी में स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने, मशीन होल और रोड गली निर्माण/मरम्मत के लिए 21.61 लाख रुपये स्वीकृत।

### ट्रांसपोर्ट एरिया सेक्टर-26 में सुधार

- ट्रांसपोर्ट एरिया के बाजार और आसपास की सड़कों के उन्नयन के लिए लगभग 31.30 लाख रुपये।
- 60 मीट्रिक टन क्षमता का वे-ब्रिज स्थापित करने के लिए 35.66 लाख रुपये की मंजूरी, जिससे परिवहन संचालन की निगरानी मजबूत होगी।

बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद सभी प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई और समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन पर जोर दिया गया। मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि नगर निगम शहर की नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं आयुक्त ने संबंधित विभागों को पारदर्शिता और दक्षता के साथ कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

# विधानसभा उत्तरी ट्रेड कमीशन ने व्यापारी-सरकार मिलनी कार्यक्रम के तहत सुलझाई व्यापारी वर्ग की समस्याएं




लुधियाना/यूटर्न/17 फरवरी। पंजाब ट्रेड कमीशन विधानसभा उतरी की तरफ से व्यापारी व सरकार मिलनी (का आयोजन मंगलवार को गांधी नगर में किया। विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा की अध्यक्षता में आयोजित व्यापारी मिलनी में जी.एस.टी विभाग, बिजली विभाग, नगर-निगम व पुलिस अधिकारियो ने शामिल होकर मौके पर दरपेश समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, मेयर इंद्रजीत कौर, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, पंजाब मीडियम इंड्रस्ट्री डिवैल्मैंट बोर्ड के सी. वाइस चेयरमैन शरणपाल सिंह मक्कड़, लुधियाना ट्रेड कमीशन के चेयरमैन परमपाल बावा, आप के जिला ट्रेड विंग अध्यक्ष रोहित वर्मा,पार्षद अमन बग्गा,गौरव बग्गा,विधानसभा उतरी ट्रेड कमीशन के चेयरमैन राजू चावला भी उपस्थित रहे। विधायक बग्गा ने 117 विधानसभा क्षेत्रों में ट्रेड कमीशन के गठन की प्रंशसा करते हुए कहा राज्य सरकार ने घर बैठे ही व्यापारी वर्ग को दरपेश सम्सयाओ के हल के लिए ट्रेड कमीशन गठित किए हैं। इस दौरान व्यापारी वर्ग की तरफ से दरपेश सम्सयाओ का समाधान मौके पर ही करते हुए उन्होने कहा राज्य सरकार, स्थानीय विधायक 24 घंटे व्यापारी व ट्रेड्रर्ज की भलाई के लिए प्रयत्नशील है। इस अवसर पर पार्षद अमन बग्गा,पार्षद नीरज आहूजा बूटा, पार्षद अशोक कुमार, गुरवीर सिंह गोलू बाजवा, पूर्व पार्षद सुरिन्द्र अटवाल, विधानसभा सैंट्रल ट्रेड कमीशन के चेयरमैन गुरुमुख मिट्ठू ,विधानसभा पश्चिमी ट्रेड कमीशन के गुरुमुख सिंह बांसल, विधानसभा पश्चिमी ट्रेड कमीशन दविन्द्र सिंह घुम्मण, विधानसभा पूर्वी ट्रेड कमीशन अनुज चौधरी, विधानसभा दक्षिणी ट्रेड कमीशन के चेयरमैन इंद्रजीत वर्मा , विधानसभा आत्म नगर ट्रेड कमीशन के चेयरमैन मनप्रीत सिंह, विधानसभा उतरी टेड्र कमीशन के मैंबर धमेन्द्र खेड़ा, अजय अरोड़ा, निशांत सूद, रवि सेठी, नवीन कठपाल, सन्नी सपरा, मनदीप सिंह मनी, बलजिन्द्र राजन, नरिन्द्र कुमार, उरिन्द्र सिंह मनी उपस्थित रहे। ट्रेड कमीशन विधानसभा उतरी के चेयरमैन राजू चावला ने सरकार-व्यापारी मिलनी में पधारे व्यापारियो का आभार व्यक्त किया।

# हरियाणा के मंत्री अनिल विज के दोनों पैरों में गलती से गिरने से फ्रैक्चर, हालत स्थिर



चंडीगढ़/यूटर्न/17 फरवरी। हरियाणा सरकार के सीनियर मंत्री अनिल विज के दोनों पैरों में गलती से गिरने से दो फ्रैक्चर हो गए हैं, अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। विज को उनकी बाईं जांघ की हड्डी (फीमर) में फ्रैक्चर होने के बाद तुरंत अंबाला के पास के एक हॉस्पिटल ले जाया गया।

उनका पहले अंबाला में इलाज हुआ और बाद में सर्जरी के लिए मोहाली के एक हॉस्पिटल में ले जाया गया। इससे पहले, जून 2020 में, विज, जो विधानसभा में सबसे सीनियर विधायकों में से एक हैं, इसी तरह के एक एक्सीडेंट का शिकार हुए थे और उनके पैरों में फ्रैक्चर हो गया था। बाद में, मई-जून 2025 में उनके पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया।

### घर पर हुई घटना

मंत्री के करीबी सूत्रों के मुताबिक, यह घटना उनके घर पर हुई जब कथित तौर पर चलते समय वह फिसल गए। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी और स्टाफ उनकी मदद के लिए दौड़े और यह पक्का किया कि उन्हें तुरंत मेडिकल मदद मिले। हॉस्पिटल अधिकारियों ने कहा कि चोट कितनी गंभीर है, इसका पता लगाने के लिए एक्स-रे समेत जरूरी मेडिकल जांच की गई।

### मंत्री की हालत स्थिर

विज का इलाज कर रहे एक सीनियर डॉक्टर ने कहा कि फ्रैक्चर जानलेवा नहीं है और मंत्री की हालत स्थिर है। डॉक्टर ने कहा, उन पर इलाज का अच्छा असर हो रहा है। हमने प्रभावित हिस्से को स्थिर कर दिया है और आराम करने की सलाह दी है। इस स्टेज पर सर्जरी की जरूरत नहीं है। पार्टी नेताओं और शुभचिंतकों ने विज की सेहत पर चिंता जताई और उनके जल्द ठीक होने की कामना की। खबर आने के बाद राज्य कैबिनेट के कई सदस्यों और पार्टी कार्यकताओं ने मंत्री और उनके परिवार से संपर्क किया। समर्थकों ने भी सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं भेजीं।

### बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते विज

अनिल विज, जो अपने बेबाक अंदाज और सक्रिय राजनीतिक मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं, राज्य कैबिनेट में अहम ज़िम्मेदारियां संभाल रहे हैं। चोट के बावजूद, सूत्रों ने बताया कि वह अधिकारियों के संपर्क में हैं और जरूरी डिपार्टमेंटल मामलों को दूर से मॉनिटर कर रहे हैं। इस घटना ने कुछ समय के लिए उनके पब्लिक कार्यक्रमों और तय मीटिंग्स में रुकावट डाली है। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले इवेंट्स या तो टाल दिए जा सकते हैं या जब तक वह ड्यूटी पर वापस नहीं आ जाते, उन्हें दूसरे सीनियर नेता संभालेंगे।

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 37 | WEDNESDAY 18-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com




# इललीगल तरीके से निगम 3 साल से पार्किंग ठेके कर रहा एक्सटेंड! जनता ने सेवा को चुने नुमाइंदो की चुप्पी पर उठे सवाल, अब मंत्री से उम्मीदें

## क्या लोकल बॉडी मंत्री और सभी विधायक दिला सकेगें लोगों को राहत?

लुधियाना/यूटर्न/17 फरवरी। लुधियाना में चार साल पहले नगर निगम की और से निगम पार्किंग साइट्स के ठेके दिए थे। लेकिन एक साल का ठेका देने के बाद लगातार तीन साल से सभी ठेकों को एक्सटेंड किया जा रहा है। वहीं अगर लोकल बॉडी ट्रांसपेरेंसी एक्ट लॉ की बात करें तो नियम मुताबिक लोकल लेवल पर अधिकारी किसी भी ठेके को 25 प्रतिशत यानि कि सिर्फ 3 महीने के लिए ही एक्सटेंड कर सकते है। फिर दोबारा टेंडर लगाना जरुरी है। अगर तीन महीने से ज्यादा अवधि के लिए एक्सटेंड करना हो तो उसके लिए लोकल बॉडी विभाग के डायरेक्टर की मंजूरी चाहिए। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि लुधियाना कारपोरेशन के अधिकारी इतने बाहुबली हो चुके हैं कि वह बिना डायरेक्टर की परमीशन लिए खुद ही अपने लेवल पर ठेके जबरन आगे बढ़ा रहे हैं। अधिकारी व निगम के लीडर पिछले तीन सालों से इललीगल तरीके से ठेके एक्सटेंड करने में लगे हैं। जिसके चलते ठेकेदार ओवर चार्जिंग व कहीं भी पार्किंग कर धक्केशाही कर रहे हैं। पहले शहर की जनता को उनके द्वारा चयनित राजनीतिक नुमाइंदों के जरिए राहत मिलने की उम्मीद थी। लेकिन जनता के नुमाइंदों यानि कि मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर और डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर द्वारा नवंबर 2025 में हुई एफएंडसीसी की मीटिंग में पार्किंग साइट्स के टेंडर लगाने का मत्ता पास किया। मगर तीन महीने बाद भी टेंडर नहीं लगाए। जिसके चलते अब शहर की जनता को लोकल बॉडी विभाग मंत्री संजीव अरोड़ा और शहर के सभी विधायकों से आखिरी उम्मीद बची है। देखना होगा कि क्या वह जनता को राहत दिला सकेगें या नहीं।

### २०२२ में दिए थे ठेके


2017 में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने पर एक साल बाद एल.आर.वाई. कंपनी को पार्किंग ठेके नहीं मिल पाते थे। लेकिन जैसे ही आप सरकार सत्ता में आई तो कंपनी ठेकेदार राजू की किस्मत बदल गई। जिसके बाद एल.आर.वाई. कंपनी को एक-दो नहीं, बल्कि पूरे शहर की निगम पार्किंगों के ठेके अलॉट कर दिए गए। मौजूदा समय में कंपनी के पास भदौड़ हाउस, माता रानी चौक मल्टीस्टोरी पार्किंग, फिरोजगांधी मार्केट और बीआरएस नगर मार्केट की आधी पार्किंग का ठेका है।



फुटपाथों पर लगते वाहन


मेयर इंद्रजीत कौर, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर व डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर






### मामले को चैक कराया जाएगा



निगम कमिश्नर नीरू कत्याल ने कहा कि पार्किंग साइट्स के टेंडर लगाने संबंधी प्रक्रिया जारी है। इसके लिए नियम और शर्तें तैयार की जा रही हैं। जल्द पारदर्शी तरीके से टेंडर लगाए जाएंगे।


### विजिलेंस जांच की मांग

वहीं शहरवासियों का कहना है कि पार्किंग ठेकों को लेकर सरकार विजिलेंस जांच करवाए। जिससे कई बड़े घोटाले उजागर हो सकते हैं। चर्चा है कि ठेके एक्सटेंशन में शामिल अधिकारियों व राजनेताओं के बैंक व संपत्तियों की भी विजिलेंस जांच हो तो बड़े खुलासे हो सकते हैं। अगर सरकार यह कदम उठाती है तो एक मिसाल कायम हो सकेगी। क्योंकि इस तरह भ्रष्टाचार करके कहीं न कहीं लोकल अधिकारी व लीडर सरकार की छवि जनता में खराब कर रहे हैं।

### ठेकेदार अपने मुताबिक रखवाते हैं शर्तें

चर्चा है कि ठेकेदारों द्वारा निगम के कुछ भ्रष्ट अफसरों के साथ मिलीभगत करके ठेके लिए जाते हैं। उनकी तरफ से टेंडर की शर्तें इस मुताबिक रखवाई जाती है, जिसके 1-2 ठेकेदार ही उक्त टेंडर का हिस्सा बन पाते हैं। जिसके चलते अधिकारियों व राजनेताओं के चहेते ठेकेदारों को ज्यादातर टेंडर मिल जाते हैं।

### मंत्री व विधायकों से जनता को आखिरी उम्मीद



निगम निगम हाउस के सत्ताधारी लीडरों और विपक्षियों द्वारा जनता की उम्मीदों पर खरे न उतरने के कारण शहरवासियों को अब उनसे उम्मीदें न के बराबर हैं। अब शहरवासियों की नजरें लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड़ा और शहर के विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, चौधरी मदन लाल बग्गा, दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला, जीवन सिंह संगोवाल अशोक पराशर पप्पी से आखिरी उम्मीद बची है। देखना होगा कि क्या वह जनता को उनका हक दिला सकेगें या नहीं।

### अफसरों व राजनेताओं की मिलीभगत से एक्सटेंड हो रहे ठेके

- चर्चा है कि लोकल बॉडी विभाग के डायरेक्टर भी अगर परमीशन दें तो ज्यादा से ज्यादा एक साल तक ठेका एक्सटेंड हो सकता है। लेकिन लुधियाना में लोकल अधिकारियों और लीडरों द्वारा तो तीन साल से एलआरवाई कंपनी को ही ठेका एक्सटेंड कर दिया जा रहा है। यानि कि कारपोरेशन के अधिकारी खुद को डायरेक्टर से भी ऊपर लेवल के अधिकारी समझने लगे हैं। चर्चा है कि यह पूरा खेल कुछ भ्रष्ट अफसरों व राजनेताओं द्वारा आपसी मिलीभगत करके किया जा रहा हैं।

### आखिर किसने बांध रखे निगम नेताओं के हाथ

- वहीं जनता द्वारा नेताओं को इस लिए जीताकर निगम हाउस भेजा जाता है, ताकि वह उनके हक की बात कर सकें और उन्हें सहुलियत दिला सके। मगर यहां जनता द्वारा आए दिन पार्किंग ठेकेदारों पर ओवर चार्जिंग और धक्केशाही के आरोप लगाए जाते हैं। लेकिन फिर भी निगम हाउस के लीडर मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर को जनता का दर्द नहीं दिख रहा। जब भी तीनों लीडरों से पार्किंग टेंडर लगाने की बात पूछी जाती है तो वह जल्द टेंडर लगाने का कहकर टाल देते हैं। मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर ने तो अक्टूबर 2025 में ही दोबारा टेंडर लगाने का दावा किया था। ऐसे में चर्चा छिड़ गई है कि आखिर किसने इन लीडरों के हाथ बांध रखे हैं।

### फुटपाथ पर पार्किंग, ओवर चार्जिंग जारी

*वहीं बात करें शहर की सबसे बड़ी कमर्शियल फिरोजगांधी मार्केट की तो वहां फुटपाथ पर भी कारें पार्किंग करके ठेकेदार अवैध वसूली करवाता है, जबकि फुटपाथ और सड़क पर रेहड़ी फड़ी लगवाकर उनसे भी कुछ लोग अवैध वसूली करते हैं। वहीं पार्किंगों में जहां पुराने ठेकेदारों द्वारा पास की कीमत 200 व 400 रखी जाती थी। वहां अब 700 से 1400 हो चुकी है। यह हालात हर पार्किंग साइट के हैं। वहीं निगम को चाहिए कि वह खुद पार्किंग चलाए, ताकि इससे होने वाली बेअंत कमाई सरकारी खजाने में आ सके।*

### एक साल की एक्सटेंड और फुटपाथ टेंडर में दे रखे



इस मामले संबंधी एलआरवाई कंपनी के ठेकेदार राजू का कहना था कि टेंडर में निगम अफसरों ने फिरोजगांधी मार्केट की सड़क की दोनों साइड़ का पार्किंग ठेका दिया था। फुटपाथ भी उसके बीच में है। वहीं ठेकेदार के मैनेजर सनी अनुसार 2022 में जब ठेका मिला तो उसी समय अधिकारियों ने एक साल की एक्सटेंड दे दी थी। वहीं नियम देखें तो देश का कोई कानून कभी भी फुटपाथ पर पार्किंग करवाने की परमीशन नहीं देता। जबकि टेंडर देते हुए लोकल अधिकारी कभी भी एक साल की एक्सटेंड नहीं दे सकते। जिससे जाहिर है कि आपसी सेटिंग के बाद मनमर्जी तरीके से टेंडर तैयार करवाकर अलॉट करवाए गए हैं।

# सिविल अस्पताल परिसर में बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश 36 चोरीशुदा बैटरियां बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

## चोर व स्क्रैप डीलर (कबाड़ी) दोनों को चोरी के सामान की बरामदगी के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया



पंचकूला, यूटर्न, 17 फरवरी। पंचकूला पुलिस ने सिविल अस्पताल सेक्टर-6 परिसर में यूपीएस बैटरियां चोरी करने वाले गिरोह का सफलतापूर्वक पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनकी निशानदेही पर चोरीशुदा 36 बैटरियां बरामद की हैं। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान सेक्टर-6 पंचकूला से प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-7 पंचकूला में 5 फरवरी को धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि सिविल अस्पताल परिसर स्थित कार्यालय के वढर से 120अल्ह की अमरॉन कंपनी की बैटरियां 29 जनवरी से 1 फरवरी 2026 के बीच चोरी हो गई थीं।

# मोहाली में 'मिस यूनिवर्स पंजाब' का ऐलान, २२ मार्च से ऑडिशन शुरू

## 18+ युवतियों को मिलेगा मंच, अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का लक्ष्य





अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 17 फरवरी। पंजाब की युवतियों को अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व को निखारने के लिए एक बड़ा मंच मिलने जा रहा है। 'मिस यूनिवर्स पंजाब' प्रतियोगिता के जरिए बेटियों के सपनों को नई उड़ान देने की पहल की गई है। इस संबंध में मोहाली स्थित टीडीआई के होटल रिजेंटा में प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

कार्यक्रम का आयोजन एमबीपी ग्रुप्स के डायरेक्टर मनमोहन सिंह की ओर से किया गया। इस दौरान आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य पंजाब के नए चेहरों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।

कयूनिफाईड इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड की फाउंडर एवं सीईओ प्रीति यादव ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास और करियर ग्रोथ पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### ऑडिशन शेड्यूल

- तारीख: 22 मार्च से 28 मार्च
- स्थान: मोहाली, चंडीगढ़ और जालंधर
- पात्रता: 18 वर्ष से अधिक आयु की युवतियां आवेदन कर सकती हैं

इस अवसर पर मिस यूनिवर्स पंजाब 2025 की विजेता रवि तान्या शर्मा और मिस पंजाब 2024 की विजेता गुनीत कौर भी मौजूद रहीं। दोनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसे मंच युवाओं को आगे बढ़ने और करियर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक एमबीपी ग्रुप्स हैं, जो प्रदेश की प्रतिभाशाली युवतियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# शिअद की रैली में सुखबीर बादल का आप पर साधा निशाना, बोले- पंजाब को दिल्ली वाले चला रहे, मंत्री सिर्फ साइन करने के लिए रखे



पंजाब/यूटर्न/17 फरवरी। पंजाब चुनाव के लिए शिरोमणी अकाली दल ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इसकी शुरूआत अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल ने गुरदासपुर के कादियां से की। सुखबीर बादल ने कहा कि पंजाब में सरकार को दिल्ली के लोग चला रहे हैं। यहां के मंत्री तो सिर्फ साइन करने के लिए रखे हुए हैं। सीएम के ऑफिस को भी वैभव कुमार चला रहा है। नौकरियां सब दूसरे प्रदेशों के युवाओं को दे दी गई। सुखबीर ने आरोप लगाया कि अअढ ने पंजाब की 2 राज्यसभा सीटें 50 और 75 करोड़ रुपए में बेचीं। सुखबीर बादल ने कहा कि जो बाहरी लोग पंजाब में करोड़ों की जमीनें खरीद रहे हैं, सरकार बनने पर उन पर पर्चा देंगे और उनके दिए रुपए भी कुर्क होंगे। सुखबीर ने वादा किया कि अकाली दल की सरकार आई तो बुढ़ापा पेंशन 3100 रुपए करेंगे। ऐसा कानून लाएंगे कि गैंगस्टरों की 10 साल तक जमानत नहीं होगी।

# झांमपुर में घर से हेरोइन सप्लाई करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 16.38 ग्राम हेरोइन व 31,200 रुपये ड्रग मनी बरामद

अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 17 फरवरी। नशे के खिलाफ मोहाली पुलिस एसएसपी हरमनदीप सिंह हांस के दिशा-निर्देशन एसपी मनप्रीत सिंह और डीएसपी खरड़-1 करण सिंह संधू के मार्गदर्शन में बलौंगी थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर पैरीविंकल ग्रेवाल की हिदायतों पर 15 फरवरी को हवलदार गुरतेज सिंह पुलिस पार्टी सहित गूगा माड़ी गांव झांमपुर के पास मौजूद थे। इस दौरान गुप्त सूचना दी कि रोमी और विक्की उर्फ लाली गांव झांमपुर अपने घर से पक्के ग्राहकों को हेरोइन सप्लाई करते हैं। यदि तुरंत रेड की जाए तो उनके पास से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद हो सकती है। सूचना के आधार पर हवलदार गुरतेज सिंह ने रुक्का भेजकर थाना बलौंगी में मुकदमा नंबर 49 दिनांक 15-02-2026, धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपियों के घर के पास रेड की। रेड के दौरान आरोपियों रोमी और विक्की उर्फ लाली के कब्जे से 16.38 ग्राम हेरोइन और 31,200 रुपये ड्रग मनी बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 16 फरवरी 2026 को माननीय अदालत में पेश किया, जहां से एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और पूछताछ के दौरान और भी अहम खुलासे होने की संभावना है।



# मोहाली के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल से मिली सूचना, बच्चें और कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकले, हालात काबू



मोहाली/यूटर्न/17 फरवरी। मोहाली में डेराबस्सी के गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी स्कूल प्रशासन को ईमेल के जरिए भेजी गई थी, जिसमें स्कूल परिसर को निशाना बनाने की बात कही गई थी। इस सूचना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। धमकी मिलने के तुरंत बाद स्कूल प्रिंसिपल ने पुलिस को सूचित किया। एहतियात के तौर पर स्कूल को तत्काल खाली करा लिया गया और सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंचीं और सघन तलाशी अभियान शुरू किया।

### घटना की सूचना मिलते स्कूल पहुचे अभिभावक

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंच गए। अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर उनमें चिंता का माहौल था। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए अभिभावकों से शांति बनाए रखने की अपील की ।इसी बीच, मोहाली स्थित फोर्टिस अस्पताल को भी ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया, जिसके बाद वहां भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और जांच जारी है। पुलिस की साइबर सेल ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी है। अधिकारियों ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

Uturn Time 18 Feb 2026_Layout 2 17-02-2026 23:35 Page 5

चंड़ीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III बुधवार, 18 फरवरी 2026



पेज 12 एआई इम्पैक्ट समिट 2026: भारत ने खुद को....

# मनीमाजरा में कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट की संगठनात्मक सभा

## बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और युवाओं को जोड़ने पर जोर

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 फरवरी। चंडीगढ़ कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट द्वारा मनीमाजरा में अतुल ज्वेलर्स के पास एक विशेष संगठनात्मक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की, एवं चंडीगढ़ कांग्रेस माइनॉरिटी मोर्चा अध्यक्ष आसिफ चौधरी मौजूद रहे। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष माइनॉरिटी डिपार्टमेंट इरफान अंसारी ने की। सभा का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना तथा माइनॉरिटी डिपार्टमेंट को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा देना रहा।





# अमृतसर में आप प्रवक्ता धालीवाल ने विपक्ष पर साधा निशाना, बोले- मोगा की रैली ऐतिहासिक, नशे के खिलाफ दूसरे चरण की शुरूआत



अमृतसर/यूटर्न/17 फरवरी। आम आदमी पार्टी के पंजाब मुख्य प्रवक्ता कुलदीप सिंह धालीवाल ने अमृतसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोगा में आयोजित विशाल रैली को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक रैली नहीं थी, बल्कि नशे के खिलाफ जनता की लड़ाई का प्रतीक थी। धालीवाल के अनुसार, इस रैली के साथ पंजाब में नशों के खिलाफ दूसरे चरण की शुरूआत हो गई है और सरकार नशे को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सेहत को लेकर फैल रही अफवाहों पर उन्होंने कहा कि उनका ब्लड प्रेशर ऊपर-नीचे होता रहता है और डॉक्टर की सलाह पर वे दोबारा चेकअप के लिए अस्पताल गए थे।

# मौलीजागरां में दूषित पानी का मुद्दा गरमाया, सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में उठाया मामला

## नगर निगम को दी चेतावनी, जल्द समाधान न हुआ तो घेराव की तैयारी





चंडीगढ़, यूटर्न, 17 फरवरी। चंडीगढ़ के मौलीजागरां कॉम्प्लेक्स वार्ड नंबर 7 में दूषित पेयजल की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। क्षेत्र के निवासियों का आरोप है कि कई दिनों से गंदा पानी सप्लाई हो रहा है, जिससे हर घर में कोई न कोई व्यक्ति बीमार हो रहा है, लेकिन प्रशासन अब तक गंभीर कदम नहीं उठा रहा। इस मुद्दे की गूंज लोकसभा तक पहुंची, जहां सांसद मनीष तिवारी ने मौली जागरण में दूषित पानी की समस्या को उठाया और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

मौके पर प्रदेश सचिव लेखपाल, ब्लॉक अध्यक्ष विनय मिश्रा, जिला सचिव अजय कुमार, पप्पू, इंद्रपाल प्रधान सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम को तुरंत पानी की जांच कर आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। प्रदेश सचिव लेखपाल ने नगर निगम चंडीगढ़ को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर निगम का घेराव किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी साफ कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल क्षेत्र में पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे जाने और आपूर्ति लाइन की जांच की मांग की जा रही है।

# पंजाब विश्वविद्यालय समुदाय में शोक की लहर, लुविशिता नैयर के असामयिक निधन पर पूटा ने जताया गहरा दुख

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 फरवरी। पंजाब यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ने लुविशिता नैयर के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। लुविशिता, पंजाब विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में कार्यरत प्रो. चंचल की सुपुत्री तथा एफडीओ, पीयू में पदस्थ सीए (डॉ.) विक्रम नैयर की बेटी थीं। पूटा की ओर से जारी शोक संदेश में बताया गया कि लुविशिता नैयर का निधन 17 फरवरी 2026 की सुबह हुआ। संगठन ने उन्हें एक होनहार, संवेदनशील और स्नेहिल व्यक्तित्व की धनी बताते हुए कहा कि उनकी मुस्कान और सकारात्मक ऊर्जा से मिलने वाले हर व्यक्ति पर गहरी छाप पड़ती थी। उनका यूं असमय चले जाना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति और विश्वविद्यालय समुदाय के लिए अत्यंत दुखद क्षण है। लुविशिता नैयर का अंतिम संस्कार आज दोपहर चंडीगढ़ के सेक्टर-25 स्थित श्मशान घाट में किया गया। पूटा के अध्यक्ष अमरजीत सिंह नौरा और सचिव मृत्युंजय कुमार ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस कठिन समय में परिवार को संबल और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# पंजाब विश्वविद्यालय समुदाय में शोक की लहर, लुविशिता नैयर के असामयिक निधन पर पूटा ने जताया गहरा दुख

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 फरवरी। पंजाब यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ने लुविशिता नैयर के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। लुविशिता, पंजाब विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में कार्यरत प्रो. चंचल की सुपुत्री तथा एफडीओ, पीयू में पदस्थ सीए (डॉ.) विक्रम नैयर की बेटी थीं। पूटा की ओर से जारी शोक संदेश में बताया गया कि लुविशिता नैयर का निधन 17 फरवरी 2026 की सुबह हुआ। संगठन ने उन्हें एक होनहार, संवेदनशील और स्नेहिल व्यक्तित्व की धनी बताते हुए कहा कि उनकी मुस्कान और सकारात्मक ऊर्जा से मिलने वाले हर व्यक्ति पर गहरी छाप पड़ती थी। उनका यूं असमय चले जाना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति और विश्वविद्यालय समुदाय के लिए अत्यंत दुखद क्षण है। लुविशिता नैयर का अंतिम संस्कार आज दोपहर चंडीगढ़ के सेक्टर-25 स्थित श्मशान घाट में किया गया। पूटा के अध्यक्ष अमरजीत सिंह नौरा और सचिव मृत्युंजय कुमार ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस कठिन समय में परिवार को संबल और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।



# संदेह के आधार पर युवक गिरफ्तार, 30 नशीली गोलियां बरामद

जगरांव/यूटर्न/17 फरवरी। पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 30 नशीली गोलियां बरामद की हैं। ए.एस.आई. जसपाल सिंह पुलिस पार्टी सहित चेकिंग के सिलसिले में गांव धूलकोट से गांव रंगूवाल की ओर जा रहे थे। जब पुलिस पार्टी आगे मोड़ के पास पहुंची तो सामने कच्चे रास्ते से एक मोना युवक पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह पीछे मुड़कर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम गुरप्रीत सिंह निवासी रंगूवाल, थाना जोधा, जिला लुधियाना बताया। तलाशी लेने पर उससे 30 खुली नशीली गोलियां बरामद हुईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

Uturn Time 18 Feb 2026_Layout 2 17-02-2026 23:35 Page 6



# मां बगलामुखी धाम में २४३ घंटे का अखंड यज्ञ जारी





लुधियाना, यूटर्न, 17 फरवरी। कलयुग में यज्ञ को मानव का सर्वोत्तम कर्म बताते हुए महंत प्रवीण चौधरी ने कहा कि यज्ञ व्यक्ति को स्वार्थ से परमार्थ और व्यक्तिगत सोच से वैश्विक कल्याण की ओर अग्रसर करता है। यह विचार उन्होंने मां बगलामुखी धाम में उनके सान्निध्य में चल रहे 243 घंटे के अखंड यज्ञ के सातवें दिन व्यक्त किए। इस अवसर पर मां चिंतपूर्णी दरबार के मुख्य पुजारी भूषण कालिया ने विधिवत पूजन कर यज्ञ कुंड में आहुतियां डालीं। पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु, विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू तथा पूर्व पार्षद ममता आशु ने भी मां बगलामुखी के चरणों में नतमस्तक होकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी आशीर्वाद प्राप्त किया। भूषण कालिया ने कहा कि यज्ञ राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। विधायक कुलवंत सिद्धू ने कहा कि यज्ञ से लुधियाना का वातावरण शुद्ध हो रहा है और मन को शांति मिल रही है। सायंकालीन आरती के बाद भजन संध्या में युवा भजन गायकों भाविक जग्गी और आजाद लाडला ने मां की स्तुति में भजन प्रस्तुत किए। धाम के मुख्य सेवादारों व श्रद्धालुओं ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया।



## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Will (वसीयत) क्या है? वैध वसीयत के लिए क्या जरूरी है?

अक्सर लोग यह सोचते हैं कि वसीयत (Will) केवल बहुत अमीर लोगों के लिए होती है। जबकि सच्चाई यह है कि Will किसी भी व्यक्ति के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिसके पास संपत्ति, बैंक जमा, निवेश या परिवार है। Will वह कानूनी दस्तावेज है, जिसमें व्यक्ति यह लिखता है कि उसके निधन के बाद उसकी संपत्ति किसे और किस प्रकार दी जाए।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि Will जीवित रहते हुए प्रभावी नहीं होती। यह केवल मृत्यु के बाद लागू होती है। व्यक्ति अपनी इच्छा से कभी भी Will बदल सकता है या नई Will बना सकता है।

वैध Will के लिए आवश्यक बातें:

Will लिखित होनी चाहिए (कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़कर)।

Will बनाने वाला व्यक्ति (Testator) मानसिक रूप से स्वस्थ हो।

Will स्वेच्छा से बनाई गई हो — किसी दबाव, धोखे या undue influence के बिना।

कम से कम दो गवाहों के हस्ताक्षर हों। गवाहों को यह प्रमाणित करना होता है कि Testator ने उनके सामने हस्ताक्षर किए।

यह ध्यान देने योग्य है कि Will का registration अनिवार्य नहीं है। बिना रजिस्ट्रेशन की Will भी वैध हो सकती है, यदि वह कानूनी शर्तों को पूरा करती हो। हालांकि, registered Will भविष्य के विवादों को कम करने में सहायक होती है।

Will के प्रकार:

Registered Will – Sub-Registrar के पास दर्ज कराई गई।

Unregistered Will – साधारण लिखित दस्तावेज।


Holographic Will – पूरी तरह अपने हाथ से लिखी गई Will ।

Privileged Will – विशेष परिस्थितियों (जैसे सैनिकों) में बनाई गई Will।

Will बनाने का उद्देश्य केवल संपत्ति बाँटना नहीं, बल्कि परिवार में भविष्य के विवादों से बचना भी है। स्पष्ट शब्दों और सही कानूनी प्रक्रिया से बनी Will , वर्षों की मुकदमेबाजी रोक सकती है।

निष्कर्ष : Will एक दूरदर्शी कानूनी कदम है। यह व्यक्ति की अंतिम इच्छा को वैधानिक रूप देता है और परिवार को अनिश्चितता से बचाता है। सही तरीके से तैयार की गई वसीयत, भविष्य के विवादों से सबसे मजबूत सुरक्षा है।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल

### इंसान को भगवान पर इतना भरोसा क्यों होता है?

मनुष्य के जीवन में भगवान के प्रति गहरी निष्ठा होने के पीछे कई कारण होते हैं। सबसे पहला कारण है आशा और सहारा। जब इंसान कठिन परिस्थितियों से गुजरता है, तब उसे किसी ऐसे सहारे की जरूरतमहसूस होती है जो उसे मानसिक शक्ति दे सके। भगवान में विश्वास करने से उसे लगता है कि कोई अदृश्य शक्ति उसके साथ है जो उसे सही रास्ता दिखाएगी। दूसरा कारण है संस्कार और परंपरा। बचपन से ही परिवार और समाज में भगवान के बारे में बताया जाता है। पूजा-पाठ, त्योहार और धार्मिक कहानियाँ मनुष्य के मन में भगवान के प्रति श्रद्धा पैदा करती हैं। धीरे-धीरे यह श्रद्धा विश्वास में बदल जाती है। तीसरा कारण है भय और सुरक्षा की भावना। इंसान कई ऐसी चीजों से डरता है जो उसके नियंत्रण में नहीं होतीं, जैसे बीमारी, दुर्घटना या असफलता। ऐसे समय में वह भगवान को याद करता है और विश्वास करता है कि भगवान उसे हर बड़ीमुसीबत से बचा सकते हैं। इसके अलावा, भगवान में विश्वास इंसान को नैतिकता और अच्छाई की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। इसलिए मनुष्य को लगता है कि भगवान ही वह शक्ति हैं जो हर परिस्थिति में उसकी रक्षा कर सकते हैं और उसे सही दिशा दे सकते हैं।

## महाशिवरात्रि पर कैफे सत्संग एवं संगीतमय संध्या में गूंजे शिव भजन, भक्ति में डूबा लुधियाना



लुधियाना/यूटर्न/17 फरवरी। लुधियाना में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर होटल ए बाय ग्रेवालज में एक विशेष आध्यात्मिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन कैफे सत्संग एवं संगीतमय संध्या में शहर के श्रद्धालु और संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। लगभग दो घंटे चले इस कार्यक्रम में भक्ति और मधुर संगीत का सुंदर संगम देखने को मिला। इस संगीतमय संध्या का आयोजन शालू वर्मा, कीर्ति ग्रोवर और बहार गुप्ता द्वारा किया गया। संध्या का मुख्य आकर्षण इंडियन आइडल से जुड़े बैंड शुजा की प्रभावशाली लाइव प्रस्तुति रही। इसके साथ ही भगवान शिव के मंत्रों का सामूहिक जप, भावपूर्ण भजन और भक्तिमय गीतों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक लय, मंत्रोच्चारण और पवित्र ध्वनि तरंगों के माध्यम से ध्यानमय और शांति से भरी अनुभूति का अनुभव किया। उपस्थित श्रद्धालु मंत्रोच्चारण और संगीत की पवित्र ध्वनि में लीन होकर ध्यानमय अनुभूति का अनुभव करते नजर आए। संध्या के दौरान ऐसा वातावरण बना, मानो संगीत ही ध्यान बन गया हो और भक्ति एक उत्सव में बदल गई हो। शालू वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लुधियानावासियों को भक्ति रस से जोड़ना और उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा से भरना है। कीर्ति ग्रोवर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और वातावरण पवित्र एवं सकारात्मक बना रहता है।

## शिव वेल्फेयर सोसायटी के 18वें विशाल भंडारे में उमड़े हजारों श्रद्धालु



लुधियाना/यूटर्न/17 फरवरी। लुधियाना में शिव वैल्फेयर सोसायटी द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 18वां विशाल भंडारा रेलवे स्टेशन के सामने प्रधान बिट्टू गुंबर की देखरेख में श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे स्थल पर भगवान भोलेनाथ का भव्य दरबार सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। भंडारे में चन्ना-पूड़ी, रसगुल्ले, गुलाब जामुन, हलवा, खीर सहित अनेकों प्रकार के व्यंजन श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में विनोद बांसल, राजू गुंबर, ईशान गुंबर, रोहित गुंबर, कमल शर्मा, जतिंदर सिंह बंटी, कृष्णा गुंबर सहित अन्य सेवादारों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

Uturn Time 18 Feb 2026_Layout 2 17-02-2026 23:35 Page 7



# अंबेडकर नवयुवक दल लुधियाना द्वारा गुरु रविदास जयंती मनाई गई

लुधियाना/यूटर्न/17 फरवरी। अंबेडकर नवयुवक दल द्वारा लुधियाना के ढंडारी खुर्द में गुरु रविदास जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम में दल के संस्थापक बंसी लाल प्रेमी तथा दल के पंजाब प्रधान गुरदीप सिंह काली विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा हरजिंदर मल (कनाडा), चंचल मल (कनाडा), नीतू सिंह, शिव कुमार, दविंदर कुमार, विवेकानंद, डॉ. संजीत कुमार, प्रदीप कुमार आदि भी शामिल हुए। मिशनरी कलाकारों विनोद कुमार भारती और राजकुमारी एंड पार्टी ने गुरु रविदास महाराज जी की विचारधारा से संबंधित गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर गुरु साहिब के जन्मदिवस को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। दल के संस्थापक बंसी लाल प्रेमी ने अनुशासन को प्राथमिकता देते हुए कहा कि गुरु रविदास के सपनों को साकार करने के लिए सबसे पहले अनुशासन में रहना



आवश्यक है। कनाडा से विशेष रूप से पहुँचीं चंचल मल और उनके पति हरजिंदर मल ने लोगों से अपील की कि तथागत बुद्ध की विचारधारा ही इस देश में सामाजिक क्रांति की नींव रख सकती है। इस अवसर पर ज्ञान चंद, राहुल कुमार, राकेश कुमार, डॉ. कमलेश कुमार, दयानाथ, मनोज कुमार, भगत, यूनिट पंजाबी बाग से शिव बहादुर, बंस राज भारती, विनोद कुमार, जनरल, जय प्रकाश अपने साथियों सहित तथा अन्य दल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कुंदनपुरी में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार खंभे से टकराई, ट्रांसफार्मर गिरने से लगी आग

लुधियाना/यूटर्न/17 फरवरी। मंगलवार तड़के कुंदनपुरी में पाहवा धर्मशाला के पास एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खंभे पर लगा ट्रांसफार्मर सीधे कार के ऊपर आ गिरा, जिससे कार में भीषण आग लग गई। कार सवार दोनों युवकों ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी देते हुए नरेश बंसल ने बताया के



कार सवार दोनों युवक कुंदनपुरी इलाके के रहने वाले हैं। सुबह करीब 4 बजे वे झंडू चौक की उतराई से कुंदनपुरी स्थित अपने घर की ओर जा रहे थे। कार की रफ्तार बेहद तेज थी। पाहवा धर्मशाला के पास पहुंचते ही ड्राइवर कार पर से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी सीधे ट्रांसफार्मर वाले खंभे में जा घुसी। टक्कर होते ही ट्रांसफार्मर कार के ऊपर गिर गया और शॉर्ट सर्किट के कारण धमाका हुआ। देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग की लपटों में घिर गई।

# नेहरू मार्केट अतिक्रमण प्रकरण, विधायक मानूके ने दिए सख्त कार्रवाई के आदेश, ईओ को सौंपी जांच

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/17 फरवरी। शहर की नेहरू मार्केट स्थित नगर परिषद की गली में दुकानदारों द्वारा कथित अवैध अतिक्रमण का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। खबर सामने आने के बाद जगरांव की विधायक सरबजीत कौर मानूके ने मामले का कड़ा संज्ञान लिया है। ताजा अपडेट के अनुसार, विधायक सरबजीत कौर मानूके ने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) मोहित शर्मा को मामले की निष्पक्ष जांच करने और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए विधायिका ने स्पष्ट किया कि



नगर परिषद की जगह पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच में यदि अतिक्रमण की पुष्टि होती है, तो दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### क्या है पूरा मामला ?

नेहरू मार्केट के कुछ व्यापारियों पर आरोप है कि उन्होंने अपनी दुकानों के पिछले हिस्से में लैंटर डालकर और गेट लगाकर सरकारी गली को संकुचित कर दिया है। मौके पर की गई पड़ताल में सरकारी भूमि पर कब्जे के संकेत मिले हैं, हालांकि संबंधित दुकानदारों का पक्ष अभी सामने नहीं आया है।

### राजनीतिक दबाव और भ्रष्टाचार की चर्चाएं

सूत्रों का दावा है कि अतिक्रमण की खबर रुकवाने के लिए कथित तौर पर एक नेता के माध्यम से मीडिया पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया था। फोन पर इसे पुराना कब्जा बताकर खबर न छापने की बात कही गई थी। वहीं, शहर में इस मामले को दबाने के लिए राजनीतिक प्रयासों के साथ-साथ कथित लेन-देन (चोंच गीली करने) की अफवाहों का बाजार भी गर्म है।

### अधिकारी का बयान

इससे पूर्व, नगर परिषद के ईओ मोहित शर्मा ने भी कहा था कि मामला उनके संज्ञान में है और गंभीरता से जांच के बाद पंजाब म्यूनिसिपल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। अब विधायिका के सीधे हस्तक्षेप के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि प्रशासन इस पर जल्द ही कोई ठोस कदम उठाएगा।

## सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं शुरू, शहर के 31 केंद्रों पर लगभग 50 हजार छात्र शामिल, छात्र बोले- आसान था पेपर



लुधियाना/यूटर्न/17 फरवरी। लुधियाना में मंगलवार से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। सुबह से ही शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर छात्रों और अभिभावकों की भीड़ देखने को मिली। सीबीएसई के तय कार्यक्रम के अनुसार इस बार परीक्षाएं एक ही शिफ्ट में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। सेंट थामस स्कूल के बाहर कुछ छात्रों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि एग्जाम काफी आसान थी। कुछ सिलेबस बाहर से आया लेकिन उनकी पूरी तैयारी थी। डीसीएम प्रजीडेंसी स्कूल के छात्र निकुंज शर्मा ने कहा कि सेंट थामस स्कूल में पेपर देने आए थे। एग्जाम गणित का कुछ लेंथी और ट्रिगी था। लेकिन तैयारी पूरी की हुई थी। करीब 2 महीने पहले ही रिवीजन शुरू कर दी थी। स्टूडेंट सभी खुश है। थोड़ा बहुत पेपर बाहर से आया था लेकिन फार्मूलों पर सवाल स्टेंड कर गए और एग्जाम अच्छा किया।

## लुधियाना में 4.35 करोड़ की साइबर ठगी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, शेयर मार्केट इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगा



लुधियाना/यूटर्न/17 फरवरी। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करवाने का झांसा देकर लुधियाना के व्यक्ति से 4.35 करोड़ की ठगी करने वाले एक आरोपी को साइबर सैल की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान हरियाणा के रेवाड़ी के विक्रम यादव के रुप में हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा के दिशा-निर्देशों पर और एडीसीपी वैभव सहिगल की अगुवाई में साइबर क्राइम सैल लुधियाना की ओर से यह कार्रवाई की गई है। साइबर सैल के इंस्पेक्टर सतबीर सिंह ने बताया कि उन्होंने 12 फरवरी को एक मामला दर्ज किया था। जिसमें आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता को शेयर मार्केट में निवेश कराने का झांसा देकर उससे धोखाधड़ी से लगभग 4 करोड़ 35 लाख रुपये ठग लिए थे। इनमें से 60 लाख रुपये आरोपी विक्रम यादव के खाते में ट्रांसफर हुए थे। जिसके चलते टीम द्वारा विक्रम की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान विक्रम का सुराग लगा। जिसके बाद हरियाणा में रेड कर उसे गिरफ्तार किया गया है। इंस्पेक्टर सतबीर सिंह ने लोगों से अपील की है कि इस प्रकार की किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश से सावधान रहें और तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करें।

# सेवक फामेर्सी फायरिंग केस में पुलिसकर्मियों पर बड़ी कार्रवाई

## एएसआई और कॉन्स्टेबल निलंबित, विभागीय जांच में सामने आए नाम

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 फरवरी। सेक्टर-32 स्थित सेवक फामेर्सी मेडिकल शॉप पर हुई फायरिंग के मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए एक एएसआई और एक कॉन्स्टेबल को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है। विभागीय जांच में संलिप्तता सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में कॉन्स्टेबल अविनाश और एएसआई अजयपाल पाली शामिल हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, क्राइम ब्रांच पहले ही इस केस में साजिशकर्ता और शूटरों को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच के दौरान यह सामने आया कि सेक्टर-46 निवासी राहुल बिष्ट इस पूरे नेटवर्क में अहम भूमिका निभा रहा था। वह पहले सेक्टर-31 में लैब चलाता था और बाद में सेक्टर-32 में शिफ्ट हो गया था। आरोप है कि वह इलाके के आर्थिक रूप से सक्षम लोगों की रेकी कर उनके संपर्क नंबर गैंगस्टरों तक पहुंचाता था।

### रंगदारी नेटवर्क की कड़ी

जांच में यह भी सामने आया है कि राहुल बिष्ट के संबंध साबा गोबिंदगढ़ से जुड़े गैंगस्टरों से बताए जा रहे हैं, जिनके तार कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े बताए जा रहे हैं। आरोप है कि रसूखदार लोगों के मोबाइल नंबर आगे भेजे जाते थे, जिसके बाद उन्हें करोड़ों रुपये की रंगदारी के लिए धमकियां मिलती थीं।

सूत्रों का दावा है कि जब पीड़ित शिकायत





लेकर थाने पहुंचते थे तो उन्हें कार्रवाई के बजाय डराया जाता था। इसके बाद एसआईटी के जरिए कथित तौर पर रंगदारी की रकम में मोलभाव कराया जाता था। रकम न देने की स्थिति में हमले तक कराए जाने के आरोप हैं। सेवक फामेर्सी पर फायरिंग को भी इसी सिलसिले से जोड़कर देखा जा रहा है।

### पुराने विवाद फिर चर्चा में

एएसआई अजयपाल पाली पहले साइबर अपराध जांच प्रकोष्ठ में तैनात रह चुका है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ वर्ष पहले करोड़ों रुपये के बिटकॉइन लेनदेन को लेकर भी उसका नाम विवादों में आया था। उस समय मामला दब गया था, लेकिन अब दोबारा चर्चाओं में है।

इसके अलावा, वर्ष 2014 में पाली कॉन्स्टेबल था, तब उस पर लुधियाना में उगाही और अपहरण जैसे गंभीर आरोप लगे थे। उस मामले में उसे जेल भी जाना पड़ा था, हालांकि बाद में शिकायतकर्ताओं के बयान बदलने पर वह बरी हो गया था।

### लाइफस्टाइल पर भी सवाल

सूत्रों के अनुसार, सेक्टर-9 स्थित एक महंगी जिम, जिसकी वार्षिक फीस करीब एक लाख रुपये बताई जाती है, में भी पाली की सदस्यता थी, जिसे नाम सामने आने के बाद रद्द कर दिया गया। बताया जाता है कि वह होटल माउंट व्यू स्थित जिम में भी नियमित रूप से जाता था।

फिलहाल पुलिस विभाग पूरे मामले की गहन जांच कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# PGI में 1 मार्च से अलग कार्डियक इमरजेंसी, दिल के मरीजों को मिलेगा फास्ट-ट्रैक इलाज



चंडीगढ़, यूटर्न, 17 फरवरी। सेक्टर-12 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGIMER) में हृदय रोगियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। संस्थान 1 मार्च से विशेष कार्डियक इमरजेंसी यूनिट शुरू करने जा रहा है, जहां दिल के मरीजों को सामान्य इमरजेंसी की भीड़ से अलग तुरंत विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, नई सुविधा शुरू होने से मुख्य इमरजेंसी विभाग पर दबाव कम होगा और हार्ट अटैक समेत अन्य गंभीर हृदय रोगों से पीड़ित मरीजों को बिना देरी इलाज मिल सकेगा। पीजीआई के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने बताया कि यह पहल गंभीर हृदय रोगियों को समयबद्ध और केंद्रित चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि गोल्डन आवर में त्वरित उपचार जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाता है और यह यूनिट उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्डियक इमरजेंसी को कार्डियोलॉजी, इमरजेंसी मेडिसिन, एनेस्थीसिया, नर्सिंग सेवाओं और अस्पताल प्रशासन के समन्वित प्रयास से विकसित किया गया है। यहां अत्याधुनिक मॉनिटरिंग, त्वरित जांच और विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई व्यवस्था से न केवल इलाज में देरी कम होगी, बल्कि मरीजों की रिकवरी दर में भी सुधार आएगा। यह सुविधा ट्राइसिटी और आसपास के क्षेत्रों के हृदय रोगियों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है।




# सीएम मान को जहरीला केमिकल पोलोनियम देने का दावा, खालिस्तानी आतंकियों ने बेअंत सिंह जैसा हाल करने की धमकी दी

मोहाली/यूटर्न/17 फरवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी गई है। खालिस्तान समर्थक संगठन, खालिस्तान नेशनल आर्मी ने प्रशासन को ईमेल भेजकर धमकी दी कि सीएम मान को भाई दिलावर सिंह के वारिसों ने पोलोनियम से संक्रमित किया है। अगर वे बच गए तो उनका पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह जैसा हाल करेंगे। सीएम मान मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस अस्पताल समेत 16 स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी। दैनिक भास्कर को ज्ञानज्योति स्कूल की डायरेक्टर अनीत बेदी ने धमकी की कॉपी उपलब्ध कराई है। मोहाली के रुढ सिटी दिलप्रीत सिंह ने ईमेल की पुष्टि की है। एसपी का कहना है कि धमकी भरा ईमेल आया है। हम सभी चीजों को वैरिफाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। अस्पताल की अच्छी तरह से जांच की गई है। सीनियर्स के अगले आदेश तक फोर्स को हॉस्पिटल में तैनात रखा जाएगा।



### अस्पताल का कहना - सीएम की हालत ठीक

वहीं, फोर्टिस अस्पताल ने कहा कि नियमित जांच के लिए सीएम आए थे। उनका पूरा क्लिनिकल असेसमेंट और स्टैंडर्ड डायग्नोस्टिक जांच हुई। सभी जरूरी पैरामीटर स्थिर हैं और नॉर्मल लिमिट में हैं। उन्हें ज्यादा थकान महसूस हो रही थी, इसलिए ऑब्जर्वेशन और सपोर्टिव केयर के लिए भर्ती किया गया। उनकी हालत स्थिर है।

### दोपहर 1.11 बजे ब्लास्ट की धमकी

एसपी दिलप्रीत सिंह ने बताया कि मेल में ब्लास्ट का टाइम मंगलवार दोपहर 1.11 बजे दिया गया, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। सुबह साढ़े 7 बजे थ्रेट मेल मिलते ही फोर्टिस अस्पताल और स्कूलों की जांच शुरू की गई। शुरूआती जांच में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली लेकिन चांस नहीं लिया जा सकता।

### रेडियोएक्टिव पदार्थ है पोलोनियम

सीएम मान को जिस पोलोनियम केमिकल देने की बात सामने आई है, वह दुर्लभ रेडियोएक्टिव पदार्थ है। यह बहुत जहरीला होता है। हालांकि, सीएम को पोलोनियम से संक्रमित कब, कहां और कैसे किया गया, खालिस्तान नेशनल आर्मी की मेल में इसका कोई जिक्र नहीं है। सीएम मान रविवार को ब्लड प्रेशर बढ़ने पर मोहाली फोर्टिस अस्पताल में भर्ती हुए थे। फिर सोमवार को डिस्चार्ज होकर मोगा में आप सरकार की नशा विरोधी रैली में हिस्सा लेने गए।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, कार चालक पर मामला दर्ज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/17 फरवरी। थाना दाखा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने अपने बयान में बताया कि 16 फरवरी को उसकी पत्नी निशा देवी (उम्र लगभग 38 वर्ष) अपनी एक्टिवा पर सरकारी हाई स्कूल अबूवाल जा रही थी।




जब वह एरो हब के सामने सिंगला इनक्लेव के पास पहुंची तो पीछे से तेज रफ्तार और बिना हॉर्न दिए आ रही क्रेटा कार के चालक ने अचानक एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला सड़क पर गिर गई और उसके सिर में गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया, जिसकी पहचान सुखदेव सिंह निवासी सिंगला इनक्लेव, मुल्लापुर लुधियाना के रूप में हुई। घायल महिला को रघुनाथ अस्पताल, लुधियाना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार हादसा कार चालक की लापरवाही के कारण हुआ।

Uturn Time 18 Feb 2026_Layout 2 17-02-2026 23:35 Page 9



## महिला की धारदार हथियार से हत्या, परिवार ने पति पर लगाया आरोप

पंजाब/यूटर्न/17 फरवरी। पटियाला-राजपुरा रोड पर गंडा खेरी गांव के पास एक महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान रमनप्रीत कौर के रूप में हुई है। परिवार ने महिला के पति गुरमीत सिंह समेत चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के भाई सिमरन सिंह ने बताया कि रमनप्रीत कौर की शादी सात साल पहले हुई थी और उनके घर में पहले भी घरेलू कलह होती रहती थी। उनकी मौसी ने जानकारी दी कि वे सभी कल शाम एक शादी से लौटे थे। शाम करीब 7 बजे उन्हें फोन आया कि रमनप्रीत के घर झगड़ा हो गया है।



**मृतका की मौसी बोली- कॉल करने पर नहीं मिला जवाब...** मौसी ने बताया कि इसके बाद उन्होंने लगातार रमनप्रीत और उसके पति गुरमीत सिंह को फोन किया, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। वे फिर पुलिस स्टेशन पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि रमनप्रीत की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। मौसी ने यह भी आरोप लगाया कि उनके एतराज के बावजूद पुलिस ने शव को अस्पताल भेज दिया। घनौर के डीएसपी हरमनप्रीत सिंह चीमा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मृतका शाहबाद की रहने वाली थी और उसकी शादी यहीं हुई थी। डीएसपी चीमा के अनुसार, मृतका के भाई सिमरन सिंह के बयानों के आधार पर उसके पति गुरमीत सिंह, देवर, मामा और सास के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है।

## पुलिस बनकर लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 आरोपी गिरफ्तार, खाकी पगड़ी और पुलिसिया जूतों में करते थे वारदात







जालंधर/यूटर्न/17 फरवरी। जालंधर की थाना नई बारादरी पुलिस ने एक ऐसे शातिर गैंग को गिरफ्तार किया है जो फर्जी पुलिसकर्मी बनकर शहर में लूटपाट की वारदातों को अंजाम दे रहा था। यह आरोपी खाकी पगड़ी और पुलिसिया जूते पहनकर रात के अंधेरे में अकेले राहगीरों को अपना निशाना बनाते थे। पुलिस ने इनके पास से 8 मोबाइल फोन, 3 बाइक और तेजधार हथियार (दातर) बरामद किए हैं। नशे की लत को पूरा करने के लिए चश्मा बेचने वाले इन युवकों ने अपराध का रास्ता चुना था। मामले का खुलासा तब हुआ जब 13 जनवरी की रात दिल्ली से लौटे राज कुमार शर्मा और उनके दोस्त मनप्रीत के साथ लूटपाट हुई। दोनों सिटी रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड की ओर पैदल जा रहे थे, तभी लाडोवाली रोड पर एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उन्हें रोका। इनमें से दो आरोपियों ने खाकी पगड़ी बांधी हुई थी और पैरों में पुलिस अधिकारियों जैसे जूते पहने थे। उन्होंने असली पुलिस की तरह रौब दिखाते हुए देर रात घूमने का कारण पूछा और फिर डरा-धमकाकर उनसे 9660 रुपए और आईफोन लूटकर फरार हो गए।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान...** पीड़ित की शिकायत पर एसएचओ रविंदर कुमार की टीम ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में आरोपी बिना नंबर प्लेट वाली बाइक पर नजर आए। पुलिस ने इलाके में घेराबंदी तेज कर दी और जब आरोपी दोबारा किसी वारदात की फिराक में आए, तो असली पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कर्णवीर सिंह, सरबजीत सिंह, अमनपाल सिंह और मनप्रीत सिंह के रूप में हुई है। ये सभी कोट बाबा दीप सिंह नगर के रहने वाले हैं। पूछताछ में सामने आया कि कर्ण और अमनपाल पुलिसिया गेटअप (पगड़ी और जूते) तैयार करते थे, जबकि सरबजीत सादे कपड़ों में उनके साथ रहता था। पहले ये लोग चश्मा बेचने का काम करते थे, लेकिन नशे की लत ने इन्हें अपराधी बना दिया।

## तमिलनाडु में नवजोत कौर सिद्धू ने पीएम की तारीफ की, बोलीं- मोदी आध्यात्मिक और समझदार, राहुल अभी उस स्तर पर नहीं



अमृतसर/यूटर्न/17 फरवरी। तमिलनाडु के कोयंबटूर में पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी और कांग्रेस से निकासित डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी से सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। शिवरात्रि के मौके पर सतगुरु की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई सिद्धू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें कद के आध्यात्मिक स्वभाव वाले व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि मोदी की यह खासियत उनकी शख्सियत में साफ झलकती है और यही वजह है कि वे हर परिस्थिति में संतुलन बनाए रखते हैं। सिद्धू ने अपने बयान में राहुल गांधी की तुलना में मोदी को अधिक समझदार और व्यवहारिक बताया। उनका कहना था कि राहुल गांधी अभी उस स्तर तक नहीं पहुंचे हैं, जहां वे हर व्यक्ति के साथ बराबरी से संवाद कर सकें और खुलकर बातचीत कर सकें।

### राहुल अभी भी परिवार की सोच व परंपराओं में बंधे हुए

इसके अलावा, सिद्धू ने यह भी कहा कि राहुल गांधी अब भी गांधी परिवार की सोच और परंपराओं से बंधे हुए हैं और जो लोग सच्चे मन से उन्हें सलाह देना चाहते हैं, उनके लिए समय नहीं निकाल पाते। इस बयान के बाद राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि सिद्धू के फिर से भाजपा में लौटने की संभावना और बढ़ गई है। सिद्धू की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब वे लगातार कांग्रेस और उसकी नीतियों पर सवाल उठाती रही हैं।

## मूसेवाला के पैसों के विवाद पर पिता बलकौर का खुलासा, बेटे का पूरा हिसाब बंटी बैंस देखता था, घर आकर कॉन्ट्रैक्ट साइन करवाए





पंजाब/यूटर्न/17 फरवरी। दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता के पैसों के हिसाब किताब को लेकर चल रहे विवाद के बीच बंटी बैंस ने कुछ दिन पहले एक ऑडियो वायरल की थी। जिसमें सिद्धू की माता चरन कौर और म्यूजिक डायरेक्टर बंटी बैंस के बीच बातचीत थी। वहीं, अब सिद्धू के पिता बलकौर सिंह ने इसी मामले को लेकर एक पोस्ट शेयर कर सारी बात साफ की है। उन्होंने साफ किया है बेटे का सारा हिसाब बंटी बैंस ही देखता था। 2020 में बंटी हमारे घर आया था। इस दौरान बैक डेट में कॉन्ट्रैक्ट तक साइन करवाएं गए। हम कभी भी अपनी निजी बातें सोशल मीडिया पर नहीं लाना चाहते थे। लेकिन जब हमारी ऑडियो को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है, तो सच स्पष्ट करना जरूरी हो जाता है। बंटी बेटा, अगर आप कह रहे हैं कि हमारा कोई लेना-देना नहीं है, तो एक मां की ऑडियो सार्वजनिक करके कहानी बनाना ठीक नहीं है।

### सिद्धू की मौत से चार दिन बाद कांट्रेक्ट करवाया

2022 में शुभदीप की मौत के चार दिन बाद, 4 जून 2022 को आप संपर्क करके घर आए। उस समय हम गहरे दुख में थे। हमें होश तक नहीं थी। उसी हालत में हमसे अगस्त 2020 की बैक-डेट का कॉन्ट्रैक्ट साइन करवाया गया। इतनी जल्दबाजी क्यों थी? उस स्थिति में साइन करवाना कितना उचित था?

### सारा हिसाब किताब बंटी देखता था

सारे पैसों का लेन-देन आप ही देखते थे। रिपोर्ट आपके पास होती थी। हमने सिर्फ आप पर भरोसा किया। आपने यह भी कहा था कि वन डिजिटल से इतनी बड़ी रकम एक साथ अकाउंट में न लिया करें, नहीं तो टैक्स का मामला बन सकता है। हम कभी शबीर से नहीं मिले, न ही हमारा बेटा मिला था। जिस व्यक्ति को हम जानते ही नहीं, उसके साथ हमने कौन-सा एग्रीमेंट किया? कौन-से फैसले लिए? कौन-से कागज साइन किए? हमें भरोसे में लेकर, बंटी बेटा, आपने ही सब कुछ करवाया। गुरप्रीत से हम सिर्फ एक बार मिले थे, और वह भी आप ही मिलवाकर लाए थे। शुभ के जाने के बाद भी हम उनसे सिर्फ एक बार ही मिले, वह भी आप ही लेकर गए थे।

## सुधार मंडी के गोदाम में नशा करते दो युवक गिरफ्तार



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/17 फरवरी। सुधार मंडी में पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के दौरान दो युवकों को नशा करते हुए काबू किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हवलदार अमृतपाल सिंह नंबर 569 पुलिस पार्टी सहित गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी के संबंध में नहर पुल सुधार के पास मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर खास ने सूचना दी कि सुधार मंडी में बने एक गोदाम में दो मोने युवक चिट्टे का सेवन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस पार्टी ने गोदाम में छापा मारा। छापेमारी के दौरान दोनों युवकों ने पुलिस को देखकर अपने हाथ में पकड़ा सामान एक तरफ फेंक दिया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मलोया में राशन की दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान, पीड़ित ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार





अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 फरवरी। चंडीगढ़ के मलोया क्षेत्र में स्थित शिव-साई मंदिर के पीछे एक राशन की दुकान में भीषण आग लगने से लगभग 2 लाख रुपये का नुकसान हो गया। आग लगने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुकान मालिक विनीत कुमार की राशन की दुकान में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान का सारा सामान जल चुका था।

पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उसकी दुकान बीमित (इंश्योर्ड) नहीं थी, जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की अपील की है ताकि वह दोबारा अपना रोजगार शुरू कर सके। स्थानीय निवासियों ने भी प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार की मदद के लिए तुरंत राहत प्रदान की जाए, ताकि उनका जीवन यापन फिर से पटरी पर आ सके।

# चंडीगढ़ में नाइट पार्किंग पर सख्त प्रतिबंध

## रात 12 से सुबह 6 बजे तक वाहन खड़े करने पर क्लैंपिंग व टोइंग की कार्रवाई

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 फरवरी। नगर निगम चंडीगढ़ ने शहर में नाइट पार्किंग को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार, नगर निगम के अधीन या नियंत्रण में आने वाले सभी पार्किंग स्थलों पर रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार के वाहन पार्क करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि यह प्रतिबंध न केवल पेड पार्किंग स्थलों, बल्कि निगम क्षेत्र में आने वाली सभी चिन्हित फ्री पार्किंग पर भी लागू होगा।



इसके अलावा नगर निगम की जमीन पर जैसे खुले मैदान, ग्रीन बेल्ट, रोड बर्म और पेवर ब्लॉक एरिया—वाहन पार्क करना हर समय प्रतिबंधित रहेगा। केवल वही स्थान पार्किंग के लिए मान्य होंगे, जिन्हें नगर निगम द्वारा आधिकारिक रूप से चिन्हित और अधिसूचित किया गया है।

आयुक्त ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के चालान, व्हील क्लैंपिंग और वाहन को टो कर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है, जिसका खर्च वाहन मालिक को स्वयं वहन करना होगा।

हालांकि, आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहन और नगर निगम द्वारा अधिकृत वाहनों को नियमों के तहत इस प्रतिबंध से छूट दी गई है।

नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इन निर्देशों का सख्ती से पालन करें और शहर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था व नागरिक अनुशासन बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# खाटीकां गली मामले में अलग-अलग बयान, स्थिति को लेकर बनी चर्चा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/17 फरवरी। नगर परिषद जगरांव द्वारा फिली गेट के पास, पीर बाबा अली शाह बली के सामने स्थित मोहल्ला खाटीकां की गली को तोड़कर दोबारा बनाने के मुद्दे पर विभिन्न पक्षों के बयान सामने आए हैं। मामले में मोहल्ला निवासियों का कहना है कि गली अधिकांशत ठीक थी और केवल कुछ स्थानों पर पानी जमा होने की समस्या थी, जिसे मरम्मत के माध्यम से दूर किया जा सकता था। वहीं, विधायक सरबजीत कौर मानूके तथा कार्यकारी अधिकारी मोहित शर्मा की उपस्थिति में एम.ई. अशोक कुमार ने बताया कि पानी भराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए गली को उखाड़ा गया है और पुरानी टाइलें ही दोबारा लगाई जाएंगी। दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी से जुड़े गुरप्रीत सिंह नोनी सैबी अनुसार गली पूरी तरह खराब थी और जगह-जगह पानी भरता था। उनके अनुसार नई इंटरलॉक टाइलें लगाकर गली का पुनर्निर्माण किया जा रहा है।



### क्या कहना है कांग्रेसी पार्षद जस्सी का

इस बीच क्षेत्र के पार्षद विक्रम जस्सी ने कहा कि उन्होंने पहले मरम्मत का अनुमान प्रस्तुत किया था, जो स्वीकृत नहीं हुआ। उनका कहना है कि पूर्ण पुनर्निर्माण की आवश्यकता और आर्थिक पक्ष पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित ठेकेदार से बातचीत में उन्हें जानकारी मिली कि आधी पुरानी और आधी नई टाइलें लगाए जाने की संभावना है। इस पूरे मामले में पक्ष जाने के लिए जब ठेकेदार को फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### अलग अलग बयानों से स्थिति चिंताजनक

उल्लेखनीय है कि इस मामले में अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं, जिससे वास्तविक स्थिति को लेकर स्पष्टता की आवश्यकता महसूस की जा रही है। फिलहाल नगर काउंसिल की ओर से कार्य प्रगति पर होने की बात कही गई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अगर खाटीकां गली में से उखड़ी हुई इंटरलॉक टाइल ही दोबारा लगानी थी तो उन टाइलो को उठाकर शहर के बाहर इतनी दूरी पर डिस्पोजल रोड पर क्यों फेंका गया।

# पंचकूला ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई बिना वैध परमिट संचालित बस पर 33,500 का चालान, वाहन इम्पाउंड

पंचकूला, यूटर्न, 17 फरवरी। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के सख्ती से पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचकूला ट्रैफिक पुलिस लगातार विशेष चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में आज थाना यातायात सूरजपुर की टीम द्वारा नियमित जांच के दौरान एक बस बिना वैध परमिट के संचालित पाई गई। जांच के दौरान एक बस, जो बद्दी से लखीमपुर वाया मडानवाला संचालित हो रही थी, के दस्तावेजों की जांच की गई। निरीक्षण में पाया गया कि बस के पास वैध परमिट नहीं था, जो मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। इस पर थाना यातायात सूरजपुर की टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत बस के विरुद्ध 33,500/- का चालान किया तथा वाहन को नियमानुसार इम्पाउंड किया गया। पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। सभी वाहन चालकों एवं परिवहन संचालकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें तथा नियमों का पालन करें, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।




# जम्मू के जुवेनाइल होम से फरार दो नाबालिग आतंकी अंबाला से गिरफ्तार, मुलाजिमों को जख्मी कर भागे थे आरोपी

अंबाला/यूटर्न/17 फरवरी। एसटीएफ अंबाला और एसटीएफ हरियाणा को बड़ी सफलता मिली है। जम्मू-कश्मीर के आर.एस. पुरा क्षेत्र स्थित जुवेनाइल होम से फायरिंग कर फरार हुए दो आतंकियों को एसटीएफ हरियाणा ने अंबाला रेलवे स्टेशन परिसर से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी साझा करते हुए एसपी एसटीएफ विक्रांत भूषण ने बताया कि आर.एस. पुरा जुवेनाइल होम से कुल तीन आतंकी फरार हुए थे। इनमें दो पाकिस्तानी नागरिक और एक भारतीय नागरिक शामिल था। एसटीएफ अंबाला ने दोनों पाकिस्तानी आतंकियों को स्टेशन परिसर से दबोचकर जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार आतंकियों की पहचान मोहम्मद सनाउल्लाह (20 वर्ष) और अहसान अनवर (21 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों पाकिस्तान के रहने वाले हैं। इनमें से एक 2019 से और दूसरा 2021 से जुवेनाइल होम में बंद था।



### तीसरा आरोपी भारतीय नागरिक गिरफ्तार

तीसरा फरार आरोपी भारतीय नागरिक करमजीत उर्फ गुग्गा है, जिसे इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसी ने जेल से फरारी की योजना बनाई थी और दोनों आतंकियों को उत्तर प्रदेश के रास्ते नेपाल सीमा के जरिए देश से बाहर भेजने की तैयारी कर रहा था। जम्मू-कश्मीर पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर आगे की जांच करेगी। सुरक्षा एजेंसियां करमजीत उर्फ गुग्गा की तलाश में दबिश दे रही हैं।

Uturn Time 18 Feb 2026_Layout 2 17-02-2026 23:35 Page 11



# सरकारी हाई स्कूल बरसट में वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित



पटियाला, यूटर्न, 17 फरवरी। पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग,संजीव शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी पटियाला और रवीन्द्र पाल शर्मा डिप्टी जिला शिक्षा अधिकारी के संरक्षण में सरकारी हाई स्कूल बरसट में मुख्य अध्यापिका मैडम सन्नी गुप्ता की अगुवाई में स्कूल प्रबंधन समिति के सहयोग से वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रोग्राम के मुख्य अतिथि नरिंदर सिंह सरपंच ग्राम पंचायत बरसट थे। डा.रीना गोयल मैडीकल अफसर बरसट व मैडम सुरिंदर कौर हैड टीचर सरकारी एलैमैंटरी स्कूल विशेष अतिथि थे। टूर्नामेंट में क्रिकेट खेल के इलावा 50 मीटर और 10 मीटर की दूरी, लंबी कूद और स्पून दौड़ प्रतियोगिताएं शामिल थीं। मुख्य अध्यापिका मैडम सन्नी गुप्ता ने स्वागत करते हुए स्कूल की रिपोर्ट पढ़ी व नैशनल लैवल पर स्कूल को ग्लोवल ग्रीन अवार्ड मिलने पर सभी का सहयोग के लिए धन्यवाद भी किया।

# कानूनगो का भाई रिश्वत लेते विजिलेंस ने किया गिरफ्तार, घर का कब्जा दिलाने के बदले 1 लाख रुपये मांगे थे



जालंधर/यूटर्न/17 फरवरी। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने जालंधर के मेहतपुर में कार्रवाई करते हुए उप-तहसील में तैनात कानूनगो जतिंदर सिंह के भाई परमिंदर सिंह को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत एक घर का कब्जा दिलाने के बदले मांगी गई थी। विजिलेंस ने भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

फिलहाल मुख्य आरोपी कानूनगो फरार है, जिसकी तलाश जारी है। नकोदर के गुरु तेग बहादुर नगर निवासी एक व्यक्ति, जो खेती और पुरानी कारों की खरीद-बिक्री का काम करता है, उसने गांव हरीपुर में 12 मरले का एक घर खरीदा था।

इस घर की सेल डीड को लेकर एक सिविल मुकदमा चल रहा था। अदालत का फैसला शिकायतकर्ता के पक्ष में आने के बाद और अपील खारिज होने पर, कानूनी तौर पर सेल डीड तो दर्ज हो गई, लेकिन घर का कब्जा मिलना बाकी था। घर का कब्जा दिलाने के लिए आरोपी कानूनगो जतिंदर सिंह को अर्जी दी गई थी।

# सुनसान कॉलोनी में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, हत्या की आशंका

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/17 फरवरी। लुधियाना देहात के थाना जोधा क्षेत्र में एक सुनसान कॉलोनी से एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार एस.एच.ओ. साहिबमीत सिंह पुलिस पार्टी सहित मेन बाजार जोधा में मौजूद थे। इसी दौरान सूचना मिली कि क्लास्टोन पैलेस से आगे गांव सहजाद के पास मेन रोड लुधियाना साइड सिंगला इनक्लेव फेज-2 की ओर जाने वाले रास्ते पर एक अज्ञात व्यक्ति पड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो करीब 40-42 वर्ष का क्लीन शेव युवक, गोरा रंग, आसमानी रंग की जींस पैंट और काली जैकेट पहने सड़क किनारे पड़ा मिला। उसके सिर और मुंह से खून बह रहा था। जांच करने पर उसकी मृत्यु हो चुकी थी। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुए। प्रारंभिक जांच में अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जन-आंदोलन की बड़ी जीतः प्रशासक के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ आमरण अनशन



अजीत झा

बलटाना/जीरकपुर, यूटर्न, 17 फरवरी। RUB 123-उ के निर्माण हेतु फंड जारी करवाने की मांग को लेकर प्रताप सिंह राणा द्वारा किया जा रहा आमरण अनशन सोमवार देर रात समाप्त हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर जूस पिलाकर उनका अनशन तुड़वाया और मांग पर सकारात्मक कार्रवाई का लिखित आश्वासन सौंपा।

बताया गया कि इस पूरे घटनाक्रम में गुलाब चंद कटारिया, जो चंडीगढ़ के प्रशासक भी हैं, के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन हरकत में आया। प्रताप सिंह राणा ने राज्यपाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके व्यक्तिगत हस्तक्षेप और जन-हितैषी सोच के कारण ही अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और मांगों पर सहमति बनी।

राणा ने कहा यह जीत लोकतंत्र की मर्यादा और जनता के विश्वास की जीत है।उन्होंने राजस्थान परिवार सेवा संघ के अध्यक्ष एवं चंडीगढ़ खादी ग्रामोद्योग के सदस्य पवन कुमार शर्मा की भूमिका की भी सराहना की। राणा के अनुसार, शर्मा ने राज्यपाल और प्रदर्शनकारियों के बीच समन्वयक की भूमिका निभाई, जिससे समाधान का रास्ता निकला। अंत में राणा ने मीडिया का आभार जताते हुए कहा कि पत्रकारों की सक्रियता ने इस आंदोलन को मजबूती दी और मुद्दे को सत्ता के गलियारों तक पहुंचाया।

# गांव गोरसियां माखन का फुटबॉल टूर्नामेंट धूमधाम से शुरू, अर्जुन अवॉर्डी सिमरनजीत कौर चक्र को किया सम्मानित



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/17 फरवरी। जगरांव के नजदीकी गांव गोरसियां माखन में रॉयल स्पोर्ट्स क्लब, एनआरआई वेटरन्स और शहर के सभी लोगों के सपोर्ट से एक बड़ा 9-साइड ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट ऑर्गनाइज किया गया, जिसकी शुरूआत अरदास करके धूमधाम से की गई। इस समय रॉयल स्पोर्ट्स क्लब, एनआरआई दिग्गजों और शहर के सभी निवासियों, आयोजन समिति के सदस्यों जसप्रीत सिंह जस्सा, जगरूप सिंह ततला, रण सिंह समरा, करमजीत सिंह ततला, लखवीर सिंह सदस्य और पन्ना सिंह ने कहा है कि इस टूर्नामेंट में, 41 हजार रुपये का पहला पुरस्कार तरलोक सिंह कनाडा और 31 हजार रुपये का दूसरा पुरस्कार सुखा ततला को दिया जाएगा और विजेता टीमों को साइकिल नंबरदार सुखजिंदर सिंह ततला के परिवार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस समय, आयोजकों ने कहा कि इस टूर्नामेंट में गुरी यूएसए, प्रभ समरा यूएसए, राजिंदर सिंह ततला कनाडा, मनवीर सिंह ततला, कनाडा, कुलतार सिंह ततला, सुखवीर सिंह ततला कनाडा, जशन ततला कनाडा, जोबन ततला कनाडा, जसप्रीत सिंह ततला कनाडा, जसकरन सिंह समरा कनाडा, सुखदीप सिंह फौजी, कुलदीप सिंह पीपी और सेवक सिंह पीपी ने भी विशेष योगदान दिया। इस समय, जहां मशहूर कुमार लखी धत्त ने टूर्नामेंट में खेल रही टीमों के बारे में बताया, वहीं गांव गोरसियां माखन की पोती अर्जुन अवॉर्ड जीतने वाली इंटरनेशनल बॉक्सिंग प्लेयर सिमरनजीत कौर चक्र का भी खास सम्मान के साथ स्वागत किया गया। इस समय हरमेल सिंह गोगी, जगतार सिंह ततला, पंच बलजीत सिंह, गुरविंदर सिंह सोनी, कुलवीर सिंह, अमरजीत सिंह, मोहना, बबनदीप सिंह मौजूद थे।



Rashi khanna

Uturn Time 18 Feb 2026_Layout 2 17-02-2026 23:35 Page 12






# एआई इम्पैक्ट समिट 2026: भारत ने खुद को अच्छे एआई के ग्लोबल आर्किटेक्ट के तौर पर स्थापित किया

**चंडीगढ़/यूटर्न/17 फरवरी। भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दूसरे दिन ने दिखावे से असलियत की ओर बदलाव का संकेत दिया, क्योंकि पॉलिसी बनाने वालों, ग्लोबल लीडर्स, इंडस्ट्री के बड़े नामों और स्टार्टअप फाउंडर्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के गवर्नेंस, इकोनॉमिक्स और एथिक्स पर गहराई से चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस मीटिंग को डिप्लोमैटिक ताकत दी, जिससे यह समिट ग्लोबल साउथ में होस्ट किए गए सबसे अहम एआई इवेंट्स में से एक बन गया है। एक जोशीले शुरूआती दिन के बाद, जिसमें इनोवेशन और स्टार्टअप की तेजी दिखाई दी, दूसरे दिन मुश्किल सवालों पर ध्यान गया: एआई को कौन रेगुलेट करता है? देश स्टैंडर्ड्स पर कैसे सहयोग कर सकते हैं? और यह कैसे पक्का किया जाए कि तेजी से हो रही टेक्नोलॉजी की ग्रोथ से असमानता न बढ़े?**

## गवर्नेंस सेंटर स्टेज पर

मंगलवार को एक खास थीम एआई गवर्नेंस थी। मंत्रियों, टेक्नोलॉजी एग्जीक्यूटिव्स और एकेडमिक एक्सपर्ट्स ने एआई सिस्टम्स में ट्रांसपेरेंसी, अकाउंटेबिलिटी और फेयरनेस पक्का करने के लिए फ्रेमवर्क पर बहस की। चर्चा डेटा प्राइवेसी, एल्गोरिदमिक बायस और गलत जानकारी के इर्द-गिर्द घूमती रही, ये ऐसी चुनौतियाँ हैं जो दुनिया भर में रेगुलेटरी बहस को तेजी से बदल रही हैं।



## हेल्थकेयर पर फोकस

हेल्थकेयर पर फोकस एक बड़ी स्ट्रैटेजी दिखाता है : एआई के सिर्फ.कमर्शियल वादे के बजाय उसके ठोस सामाजिक असर को दिखाना। रूरल डायग्नोस्टिक्स से लेकर बीमारी की भविष्यवाणी करने वाली मॉडलिंग तक, सरकार ने भारत के हेल्थ सिस्टम में स्ट्रक्चरल कमियों को दूर करने में एआई को एक फोर्स मल्टीप्लायर के तौर पर दिखाया।

## भारत की स्थिति साफ थी

इसका मकसद इनोवेशन और सेफगार्ड के बीच बैलेंस बनाना है, और खुद को ह्वरिस्पॉन्सिबल एआईह्व का चैंपियन बताना है जो सबको साथ लेकर चलने वाला और डेवलपमेंट पर आधारित हो। पूरी तरह से मार्केट पर आधारित नजरिए के उलट, भारत की बात में पब्लिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और नागरिक-केंद्रित मॉडल पर जोर दिया गया।

## पैमाना और मकसद

समिट का पैमाना हैरान करने वाला रहा है। हजारों डेलीगेट्स - जिनमें पॉलिसीमेकर्स, CEOs, रिसर्चर्स और स्टूडेंट्स शामिल हैं - नई दिल्ली में इकट्ठा हुए हैं। पैरेलल एआई इम्पैक्ट एक्सपो में सैकड़ों पवेलियन और स्टार्टअप्स हैं जो गवर्नेंस, एग्रीकल्चर, रोबोटिक्स, एजुकेशन और एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी में एप्लीकेशन दिखा रहे हैं।

## पंजाब ने भी लगाया अपना स्टॉल



इस समिट में पंजाब की तरफ से भी अपना स्टॉल लगाया गया था। जहां पर मंत्री संजीव अरोड़ा खुद मौजूद रहे। जिनकी और से वहां आईटी सेक्टर मोहाली संबंधी बैक टू बैक मीटिंगें की गई। वहीं समिट में आने वाले की तरफ से भी पंजाब स्टॉल प्रति अपना रुझान दिखाया।

## पीएम ने बदलाव की ताकत बताया

एक्सपो का उद्घाटन करने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने एआई को एक बदलाव लाने वाली ताकत बताया जो भारत की आर्थिक ग्रोथ को आगे बढ़ाने के साथ-साथ ज़िंदगी को बेहतर बनाने में भी काबिल है। सरकारी अधिकारियों ने फिर से अनुमान लगाया कि आने वाले सालों में एआई में बड़े पैमाने पर इन्वेस्टमेंट हो सकते हैं, खासकर डेटा सेंटर, रिसर्च लैब और एआई-ड्रिवन सर्विसेज में। भारत का मकसद सिर्फ.एआई क्रांति में हिस्सा लेना नहीं है, बल्कि अपनी कहानी को आकार देना है। बड़े पैमाने पर समिट होस्ट करके, नई दिल्ली ऐसे समय में थॉट लीडरशिप दिखाना चाहता है जब ग्लोबल रेगुलेटरी मॉडल बिखरे हुए हैं।

**आर्थिक और स्ट्रेटेजिक दांव...**इस उम्मीद के पीछे एक तेज ग्लोबल रेस है। देश एआई टैलेंट को अट्रैक्ट करने, सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुरक्षित करने और भरोसेमंद डेटा इकोसिस्टम बनाने के लिए मुकाबला कर रहे हैं। भारत के लिए, अपने बड़े डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का फायदा उठाना झ्र जिसमें आइडेंटिटी और पेमेंट प्लेटफॉर्म शामिल हैं झ्र एआई सॉल्यूशंस को तेजी से बढ़ाने में एक संभावित फायदा देता है।

## एआई डिप्लोमेसी के जियोपॉलिटिकल पहलुओं को हाईलाइट किया

राष्ट्रपति मैक्रों की मौजूदगी ने एआई डिप्लोमेसी के जियोपॉलिटिकल पहलुओं को हाईलाइट किया। उनके दौरे ने डिजिटल स्टैंडर्ड, रिसर्च पार्टनरशिप और टेक्नोलॉजी इन्वेस्टमेंट पर भारत और यूरोप के बीच बढ़ते सहयोग को हाईलाइट किया। एआई के इकोनॉमिक कॉम्पिटिटिवनेस और नेशनल सिक्योरिटी का सेंटर बनने के साथ, ऐसे बाइलेटरल एंगेजमेंट का स्ट्रेटेजिक महत्व है।




**एक शोकेस सेक्टर के तौर पर हेल्थकेयर...**दूसरे दिन हेल्थकेयर सबसे ज्यादा चर्चा वाले वर्टिकल में से एक के रूप में उभरा। यूनियन हेल्थ मिनिस्ट्री ने हेल्थकेयर डिलीवरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को इंटीग्रेट करने के लिए एक नेशनल स्ट्रेटेजी फ्रेमवर्क पेश किया। इस पहल का मकसद डायग्नोस्टिक्स, टेलीमेडिसिन, हॉस्पिटल मैनेजमेंट और पब्लिक हेल्थ सर्विलांस में एथिकल एआई डिप्लॉयमेंट को स्टैंडर्डाइज करना है। इसके साथ ही, एआई रिसर्च के लिए हेल्थ डेटासेट की क्वालिटी और भरोसे को बेहतर बनाने के मकसद से एक बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई। अधिकारियों ने जोर दिया कि मरीज की सुरक्षा और लोगों का भरोसा पक्का करने के लिए सुरक्षित और सबूतों पर आधारित डिप्लॉयमेंट बहुत जरूरी होगा।

**कई सवाल भी खड़े हुए...**साथ ही, वर्कफोर्स डिस्प्लेसमेंट, स्किल गैप और रेगुलेटरी कैपेसिटी के बारे में सवाल बने हुए हैं। कई पैनल ने भारत के युवाओं को एआई-ड्रिवन इकोनॉमी के लिए तैयार करने के लिए बड़े पैमाने पर अपस्किलिंग पहल की जरूरत को माना। डिप्लोमैटिकली, यह समिट ग्लोबल साउथ के अंदर एआई बातचीत को आगे बढ़ाने की भारत की इच्छा का संकेत देता है। इनक्लूजन और डेवलपमेंट को आगे रखकर, यह खुद को एडवांस्ड इकॉनमी और उभरते मार्केट के बीच एक ब्रिज के तौर पर पेश करता है।

**ऑपरेशनल दिक्कतें...**अपने बड़े एजेंडा के बावजूद, समिट में चुनौतियाँ भी रहीं। शामिल होने वालों ने पहले दिन लंबी लाइनें, ज्यादा भीड़ और लॉजिस्टिक कन्फ्यूजन की बात कही। हालांकि इस तरह के बड़े इवेंट में ऐसी दिक्कतें आम हैं, लेकिन उन्होंने डिप्लोमेसी, बिजनेस और पब्लिक पार्टिसिपेशन को मिलाकर एक हाइब्रिड फोरम होस्ट करने की मुश्किलों को दिखाया। ऑर्गनाइजर ने बताया कि एक्सेस को आसान बनाने और भीड़ को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372